CMYK

DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 136 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार ,04 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान पर गुजरात का कब्ज़ा, सरकार पर्चियों से चल रही है : डोटासरा

### कांग्रेस सरकार ने किया ऐतिहासिक काम, भाजपा के पास नहीं कोई उपलब्धि

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

अंता उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है और इसी बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कभी स्वतंत्र था, आज केंद्र शासित प्रदेश की तरह चलाया जा रहा है। राज्य में ठेके गुजरात से आते हैं और भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं हो रहा, यह पर्ची से चलने वाली सरकार है ।

डोटासरा सोमवार को कोटा सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन राजस्थान में टुकड़ों में बंटा हुआ है , वसुंधरा राजे का गुट अलग, भजनलाल का अलग, किरोड़ी लाल और ओम बिरला का अलग। ये सब मिलकर राजस्थान को लूटने में लगे हैं, राज्य के



विकास से किसी को कोई मतलब नहीं। डोटासरा ने भाजपा पर तीखा वार करते हुए कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी कंवरलाल मीणा को टिकट दिया। कांग्रेस ने तब भी जनता को चेताया था, लेकिन भाजपा ने अपराधी छवि को नज़रअंदाज़ किया। अब न्यायालय से सजा मिलने के बाद उनकी हकीकत सामने आ गई है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अंता से कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया जनता के बीच बेहद लोकप्रिय हैं और उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कर छवि खराब करने की साजिश रची गई। डोटासरा बोले भाया के खिलाफ न तो कोई 107/116 का इस्तगासा था, न कोई वैध शिकायत। भाजपा ने उन्हें बदनाम करने के लिए झूठे केस दर्ज करवाए, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पर खुद 24 मुकदमे दर्ज हैं।

डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में ऐसे ऐतिहासिक काम किए जिन्हें जनता आज भी याद करती है मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, आरजीएसएच, बुजुर्गों की पेंशन, इंग्लिश मीडियम स्कूल, और गरीबों के लिए राहत पैकेज जैसी योजनाएं जनकल्याण की मिसाल हैं।

उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा भाजपा के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए वह कांग्रेस पर झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अगर भाजपा वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ गंभीर होती, तो डबल इंजन की सरकार होते हुए अब तक जांच कर लेती। चुनावी वक्त में ऐसे आरोप सिर्फ राजनीति से प्रेरित हैं।


डोटासरा ने अंत में कहा जनता अब सब समझ चुकी है। झूठे आरोप और प्रचार से कुछ नहीं होगा। इस बार जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सच्चाई को विजयी बनाएगी।

## मतदाता सूचियों के वैरिफिकेशन तक बीएलओ और अधिकारियों के तबादले पर रोक

### सरकार ने जारी किए निर्देश, बिना निर्वाचन आयोग की अनुमति नहीं होगा कोई ट्रांसफर

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। चुनावी प्रक्रिया से जुड़े किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का अब अगले वर्ष की 7 फरवरी तक ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। प्रशासनिक सुधार विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि मतदाता सूची के वैरिफिकेशन और प्रकाशन की अवधि पूरी होने तक इस पर रोक प्रभावी रहेगी। आदेशों के मुताबिक, यह रोक जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक



रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ, सुपरवाइजरों सहित इस प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिकों पर लागू होगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी विशेष परिस्थिति में तबादला आवश्यक हो तो इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी या निर्वाचन आयोग से पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। केवल उनकी स्वीकृति के बाद ही राज्य सरकार ट्रांसफर प्रस्ताव पर विचार करेगी।

राज्य में वर्तमान में 5 करोड़ 16 लाख से अधिक मतदाता हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ आगामी दिनों में मतदाताओं के घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे, फार्म वितरित करेंगे और उसे वापस एकत्र करेंगे। यह प्रक्रिया मतदाता सूची के अद्यतन और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, विभाग ने जिलों को निर्देश दिए हैं कि वैरिफिकेशन के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की नियुक्ति या रिलीविंग से कार्य प्रभावित न हो। सरकार ने इसे चुनाव पूर्व प्रशासनिक स्थिरता सुनिश्चित करने की तैयारी बताया है।

## जयपुर में डंपर का कहरः 17 गाड़ियों को रौंदा, 14 की मौत, 12 घायल

### हरमाड़ा लोहा मंडी के पास दिल दहला देने वाला हादसा, ड्राइवर नशे में था, मौके से पकड़ा गया

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजधानी जयपुर में सोमवार दोपहर दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। हरमाड़ा इलाके में तेज रफ्तार डंपर ने बेकाबू होकर एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए, किसी का हाथ तो किसी का पैर कट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर चारों ओर अफरातफरी का माहौल हो गया।

पुलिस के अनुसार हादसा दोपहर करीब 1 बजे लोहा मंडी रोड पर हुआ, जब डंपर पेट्रोल पंप की दिशा से हाईवे पर चढ़ने के लिए मुड़ा ही था कि अचानक उसका नियंत्रण बिगड़ गया और वह बेकाबू होकर आगे बढ़ता चला गया। रास्ते में आई कारों, बाइक और ऑटो को रौंदते हुए करीब 300 मीटर तक टक्कर मारता चला गया।

**डंपर ड्राइवर नशे में धुत, लोगों ने मौके पर पकड़ा**

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे के वक्त डंपर चालक पूरी तरह नशे में था। गुस्साए लोगों ने उसे मौके से पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी चालक की पहचान कल्याण मीणा निवासी विराटनगर के रूप में हुई है। उसे चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।







**डंपर चालक की कहासुनी के बाद हुआ हादसा**

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि हादसे से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक पेट्रोल पंप के बाहर चालक की एक कार सवार से कहासुनी हुई थी। इसी दौरान उसने तेज रफ्तार में डंपर चलाना शुरू कर दिया, जिससे यह भीषण टक्करें हुईं।

**मरने वालों में मासूम समेत कई राज्य के लोग**

मृतकों में गिरजा बाई (55) पत्नी भंवर सिंह निवासी विश्वकर्मा, सुरेश कुमार मीणा (35) निवासी टोंक, महेश कुमार मीणा (35) निवासी टोंक, विनोद मालपानी (44) निवासी हरमाड़ा,

भीखी बाई (50) निवासी गुजरात, महेंद्र कुमार बुनकर (38) निवासी सीकर, और भावना वर्मा उर्फ भानु (7) निवासी सीकर सहित कुल 14 लोगों की मौत हुई है। सात अन्य मृतकों की पहचान देर रात तक नहीं हो पाई थी।

**घायलों की हालत नाजुक**


हादसे में घायल वर्षा कुमारी (25), दानिश (45), अजय (55), मनोज (45), देशराज (51), कमल (40), ज्ञान रंजन (24) का एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। इसके अलावा ईश्वर भाई (36), नागजी भाई (39), पन्ना का कांवटिया अस्पताल में उपचार जारी है। दो घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हादसे के बाद जाम और चीख-पुकार**

हादसे के बाद हाईवे पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मलबे और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां की ममता हुई शर्मसारः नवजात को गोबर के साथ पानी में फेंका, तैरता मिला शव

### सर्द हवाओं में मासूम की मौत, ग्रामीणों ने देखा तो आंखें नम हो गईं



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** जिले में सोमवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाला दृश्य सामने आया। सवाईपुर क्षेत्र के सालरिया गांव में एक नवजात बालक का शव गोबर के साथ पानी भरी रोड़ी में फेंका हुआ मिला। मासूम को जन्म देने के कुछ ही देर बाद उसकी मां ने सर्द मौसम में मरने के लिए छोड़ दिया। जिसने भी यह दृश्य देखा, उसकी आंखें भर आईं हाय, मां! आखिर तेरे इस मासूम का क्या कसूर था? '

**ग्रामीणों को पानी में तैरता मिला नवजात का शव**

घटना सोमवार सुबह सालरिया गांव के लखमणियास रोड स्थित चंबल परियोजना की पानी की टंकी के पास की है। सुबह करीब आठ बजे जलदाय विभाग के कार्मिक देबी सिंह दरोगा जब पानी की सप्लाई चालू करने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सड़क किनारे बनी रोड़ी में पानी के बीच गोबर के साथ एक नवजात बालक का शव तैर रहा है। नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों और कोटड़ी थाना पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया**

सूचना मिलते ही एएसआई कैलाश प्रजापत मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और कोटड़ी चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**गोबर के साथ फेंका गया नवजात, शक गहराया**

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि बच्चे को जन्म देने के बाद जानबूझकर गोबर के साथ रोड़ी में फेंका गया, ताकि किसी को पता न चल सके। सर्द मौसम और पानी में पड़े रहने से नवजात की मौत हो गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई और हर कोई इस अमानवीय कृत्य की निंदा करता दिखा।

**जिसे ममता का आंचल मिलना था, उसे मौत मिली**

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि यह घटना पूरे समाज के लिए कलंक है। जिस मां की ममता को सबसे पवित्र कहा जाता है, उसी ने अपने ही बच्चे को सर्दी और दर्द के हवाले कर दिया। लोगों ने प्रशासन से दोषी का पता लगाकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 9 साल से फरार 10 हजार के इनामी तस्कर को रायला पुलिस ने दबोचा

### स्कार्पियो से मिला था 125 किलो डोडाचूरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के एक पुराने मामले में 9 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी 2017 से फरार था और उस पर डोडाचूरा तस्करी का मामला दर्ज था।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस में बताया की 2017 में रायला थाना क्षेत्र में एक स्कार्पियो गाड़ी लावारिस हालत में मिली थी। तलाशी के दौरान वाहन से 125 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ था। वाहन मालिक अशोक कुमार पुत्र



मोहनलाल पंवार विश्नोई, निवासी सुभाष नगर ,जोधपुर तब से फरार चल रहा था।

टीम ने तकनीकी निगरानी और साइबर सर्च के आधार पर 2 नवंबर को जोधपुर से आरोपी अशोक कुमार को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# पोते ने कुल्हाड़ी से दादा की हत्या की, आंखों में मिर्च झोंकी, सिर पर किए वार

## नागा का बाड़िया में पारिवारिक रंजिश बनी जानलेवा, आरोपी पोता और परिजन फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

करेड़ा थाना क्षेत्र के नागा का बाड़िया गांव में सोमवार रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात हुई ,जहां एक पोते ने अपने ही दादा को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। मिर्च पाउडर झोंकने, घसीटने और सिर पर वार करने की इस हैवानियत ने पूरे गांव को सन्न कर दिया। लोग यकीन नहीं कर पा रहे कि पारिवारिक झगड़ा इतना खूनी रूप ले लेगा।



जानकारी के अनुसार, रात करीब 9 बजे मृतक का बेटे प्रेम बागरिया घर पर खाना खा रहा था, तभी गांव के श्रवण बागरिया, हीरु बागरिया और शारदा बागरिया हथियारों से लैस होकर अचानक घर में घुस आया। तीनों ने बिना किसी कारण प्रेम बागरिया पर कुल्हाड़ी, लाठियों और मिर्च पाउडर से हमला कर दिया, जिससे वे अचेत होकर गिर पड़ा।

चीखें सुनकर घायल बेटे का पिता मोहनलाल बागरिया बीच-बचाव के लिए दौड़ा तो आरोपी श्रवण ने उन्हें पकड़कर घसीटा और आरोपियों ने मोहनलाल की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और कुल्हाड़ी से सिर पर दो-तीन वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर करेड़ा थानाधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है ।

# तेज गर्जना और बिजली चमक के साथ सवाईपुर में झमाझम बारिश, किसानों की बढ़ी चिंता



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के बड़ला, बनकाखेड़ा, ढेलाणा, सोपुरा, चावंडिया सहित कई गांवों में सोमवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान पर घने बादलों के साथ तेज गर्जना और आकाशीय बिजली की चमक के बीच करीब रात 8:30 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। लगभग 20 मिनट तक हुई तेज बारिश से गलियों में पानी बह निकला और गर्मी व उमस से लोगों को राहत मिली। मौसम में आए इस बदलाव से जहां आमजन ने ठंडक का अहसास किया, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। क्षेत्र में बीते दो दिनों से मौसम साफ रहने पर किसान रबी की बुवाई की तैयारी में जुटे थे, लेकिन अचानक हुई बरसात से खेतों में नमी बढ़ने के कारण बुवाई कार्य प्रभावित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम तक उमस और गर्मी बनी हुई थी, मगर रात होते ही बादलों की गड़गड़ाहट और तेज हवाओं के साथ बारिश ने पूरे इलाके को भिगो दिया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी छिटपुट बारिश की संभावना बनी हुई है।


# मांडल हाईवे पर कार ट्रेलर से टकराई, चार लोग गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

नेशनल हाईवे-48 पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भदालीखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी और करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही मांडल पुलिस व 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी घायलों को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायलों की पहचान अमरपुरा, शाहपुरा (जयपुर) निवासी अर्जुन (28), उनकी पत्नी ऋतु (39), पुत्री सुमन (22) और अर्जुन यादव (45) के रूप में हुई है। बताया गया कि ये सभी



सांवरिया सेठ के दर्शन कर घर लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा घुसी। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# बाल वाहनों पर पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त सख्ती, 94 स्कूल वाहनों की जांच, 39 पर कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सड़क सुरक्षा और स्कूली बच्चों की जान की हिफाजत को लेकर प्रशासन अब एक्शन मोड में है। सोमवार को भीलवाड़ा पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से बाल वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। शहर और आसपास के इलाकों में चलाए गए इस अभियान में कुल 94 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 39 वाहनों पर विभिन्न अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई की गई।

### बिना फिटनेस, परमिट और सीट बेल्ट वाले वाहनों पर गिरी गाज

जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान कई वाहनों में फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा और रिफ्लेक्टर नहीं मिले, जबकि कुछ वाहनों में ओवर क्राउडिंग और निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने जैसी गंभीर लापरवाहियां पाई गईं। कुल 16 वाहनों पर विभागीय चालान बनाए गए। इनमें 10 बसें और 6 छोटे वाहन ऑटो व वैन शामिल हैं।

वहीं, पुलिस की यातायात शाखा ने शहर के प्रमुख चौराहों पर 62 स्कूल वाहनों की जांच की और 23 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान काटे। जिन चालकों ने लाइसेंस, यूनिफॉर्म या सुरक्षा उपकरणों के नियमों की पालना नहीं की, उनके खिलाफ लाइसेंस निलंबन की सिफारिश भी की गई है।


### एसपी और जिला कलक्टर ने दिए निर्देश, बच्चों की सुरक्षा में कोई समझौता नहीं


जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू और एसपी कार्यालय से निर्देश जारी किए गए कि किसी भी स्कूल वाहन को बिना फिटनेस, परमिट या प्रशिक्षित चालक के सड़क पर नहीं उतरने दिया जाए। साथ ही सभी स्कूल संचालकों को पत्राचार कर चेतावनी दी गई है कि वे अपने वाहनों के चालकों को यातायात नियमों की सख्ती से पालना करने के निर्देश दें।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी नियमित निगरानी

परिवहन विभाग ने बताया कि सभी उड़नदस्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में बालवाहिनियों की निरंतर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के वाहन चालक की जानकारी रखें और यदि कोई लापरवाही नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# अवैध निर्माणों पर चला पालिका का पीला पंजा, 1 हज़ार गज अतिक्रमण ढहाया, मौके से पत्थर व चूरी भी जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कस्बे में बड़ी कार्रवाई की। पालिका की टीम ने अभियान के दौरान बिना अनुमति किए गए निर्माणों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में कुल 1000 गज क्षेत्र में बने अवैध निर्माण हटाए गए। इनमें 200 गज चरागाह भूमि पर बना अवैध निर्माण तथा 800 गज क्षेत्र तहसील भवन के पीछे स्थित भूखंडों पर हाल ही में खड़े किए गए निर्माण शामिल थे। पालिका टीम ने न केवल दीवारें और संरचनाएं तोड़ीं, बल्कि मौके से बड़ी मात्रा में पत्थर, चूरी और निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली, ताकि निर्माण कार्य दोबारा शुरू न हो सके।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि कई स्थानों पर पिछले दिनों बिना पालिका की स्वीकृति के नए निर्माण किए जा रहे थे। इस संबंध में पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन कार्य नहीं रोके गए। इसी कारण सख्त कार्रवाई करनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि नगर में बिना अनुमति चल रहे किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार का निर्माण शुरू करने से पहले पालिका से अनुमोदन अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

# शक्करगढ़ चौराहे पर दो लोडरों से बैटरियां चोरी, क्षेत्र में सक्रिय गिरोह की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

क्षेत्र में वाहन बैटरी चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने शक्करगढ़ चौराहे पर खड़े दो लोडरों से बैटरियां चोरी कर लीं। पीड़ित रामस्वरूप पुत्र परमानंद शर्मा ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रामस्वरूप ने बताया कि बीती रात उसके दोनों लोडर चौराहे पर खड़े थे, तभी अज्ञात चोरों ने वाहनों में लगी बैटरियां निकाल लीं। घटना का पता सुबह वाहन चालू करने के दौरान चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि बीते दो माह से क्षेत्र में बैटरी चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है, जो वाहनों को निशाना बना रहा है।

इससे पहले रोडवेज बस स्टैंड के पास खड़ी एक क्रूजर गाड़ी से भी बैटरियां चोरी हो चुकी हैं। पुलिस अब इन वारदातों के बीच संबंध तलाशने में जुटी है।



# काछोला-रलायता मार्ग पर बजरी माफियाओं का आतंक, सड़कों पर रफ्तार का कहर, बच्चों तक की जान पर बन रहा खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



काछोला-रलायता से मानपुरा-महुआ मार्ग पर अवैध बजरी परिवहन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की उदासीनता और कार्रवाई के अभाव में बजरी माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब दुर्घटनाएँ आम बात बन गई हैं। दिन में सन्नाटा और रात में धूल उड़ाती ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही इस पूरे क्षेत्र की नींद उड़ा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिलिया, पदमपुरा, रलायता, केसरपुरा, मानपुरा और गोपालपुरा के रास्तों से तेज रफ्तार से दौड़ते ट्रैक्टर न केवल सड़क हादसों का खतरा बढ़ा रहे हैं, बल्कि गांवों की शांति भी भंग कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मानपुरा के आसपास देखने को मिलती है, जहां रोज़ाना सैकड़ों स्कूली बच्चों को इन बेतहाशा दौड़ती ट्रॉलियों के बीच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अलसुबह और देर रात चोरी-छिपे बजरी से भरे ट्रैक्टर निकाल रहे हैं। बनास नदी के किनारे स्थित पदमपुरा, बिलिया, रलायता सहित आसपास के कई गांवों में अवैध बजरी भंडारण खुलेआम किया जा रहा है। बावजूद इसके, खनिज विभाग और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।



QUICK BITES

## सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर मंदिर मे नंदीश्वर द्वीप विधान मण्ड़ल का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**पेसवानी।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आज कार्तिक सुदी तेरस को अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर सभी दिगंबर जैन मंदिरो वेदों का मंदिर,कालाभाटा मंदिर,ऊपर चन्दाप्रभु मंदिर,नया मंदिर व नसिंयाजी का जैन मंदिरो मे आज कार्तिक सुदी तेरस को अष्टान्हिका पर्व के उपलक्ष मे कलशाभिषेक और शांतिधारा व नंदीश्वर द्वीप विधान मण्ड़ल का आरोजन किया गया।यह बताते हुऐ समाज के सदस्य महेन्द्र जैन ने बताया की आज कार्तिक सुदी तेरस को सभी दिगंबर जैन समाज के मंदिरो मे अष्टान्हिका पर्व के उपलक्ष मे वेदो के मंदिर मे कलशाभिषेक व शांतिधारा के बाद मंदिर मे अष्टान्हिका पर्व के उपलक्ष मे नंदीश्वर द्वीप विधान मण्ड़ल का आयोजन किया जा रहा है जिसमे चार जोड़े मण्ड़ल विधान मे बैठे बाद मे शास्त्र सभा मे बताया की सभी श्रावको को छोटे हो या बड़े उनको प्रतिदिन भगवान का अभिषेक और शांतिधारा करनी चाहिऐ।और कहा की मनुषूय को पद सिर्फ संबोधन देता है मनुष्य को सम्मान पाने के लिऐ योग्य बनना पड़ता है।इस अवसर पर मंदिर मे महेन्द्र जैन,राजेन्द्र जैन,भागचंद जैन,प्रभाचंद जैन,नवीन जैन,अंजना जैन,भंवरी देवी,आदि श्रावक व श्राविकाऐ मौजूद थे।

## टीबी रोकथाम पर मासिक बैठक आयोजित महिलाओं को दी गई जागरूकता

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचन्द पेसवानी)।** टीबी की रोकथाम को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रामपुरा बस्ती वार्ड 14 में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जिसकी रोकथाम के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यायाम और दवा का पूरा कोर्स लेना जरूरी है। महिलाओं को समझाया गया कि खांसते या छींकते समय मुंह ढकें, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें और घर में स्वच्छता व वेंटिलेशन पर ध्यान दें। साथ ही धूम्रपान से बचने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में फील्ड हेल्थ वर्कर अंजलि खटीक, हीरा बानू कायमखानी, आशा सहयोगिनी लीला शर्मा सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# संत ब्रह्मलीन अमराव महाराज 'निरंजनी' का प्रथम निर्वाण महोत्सव 25 नवम्बर से

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



कस्बे के श्री संकट हरण हनुमत धाम एवं श्री संकटमोचन आदर्श गोशाला परिसर, में परमहंस संत ब्रह्मलीन अमराव महाराज निरंजनी का प्रथम निर्वाण महोत्सव आगामी 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन परमादर्श महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा।

आयोजन समिति ने बताया कि इस पवित्र सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत कथा, संत समागम, सदुरु मूर्ति प्रतिष्ठा, भजन संध्या और श्रद्धांजलि सभा जैसे दिव्य आयोजन होंगे।

**श्रीमद्भागवत कथा एवं प्रवचन कार्यक्रम**

मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र जोशी ने बताया कि कथा प्रतिदिन सुबह 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक तथा प्रवचन दोपहर 3:30 से 5 बजे तक आयोजित होंगे। कथा वाचन महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज द्वारा किया जाएगा।

आयोजन का शुभारंभ 25 नवम्बर को सुबह 11 बजे हनुमत धाम मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा से होगा, जो नगर भ्रमण के बाद गोशाला परिसर पहुंचेगी। इसके बाद दीप प्रज्वलन, व्यास पूजन एवं कथा का शुभारंभ किया जाएगा। 2 दिसम्बर को गीता जयंती और ब्रह्मलीन सदुरुदेव अमराव महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा का पावन कार्यक्रम सुबह 8:15 बजे सम्पन्न होगा। इसी दिन रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। 3 दिसम्बर को श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि एवं पूर्णाहुति भंडारा के साथ निर्वाण महोत्सव का समापन किया जाएगा। आयोजन के तहत 27 नवम्बर की रात 8 बजे प्रसिद्ध कवि बुद्धि प्रकाश दाधीच की संगीतमय प्रस्तुति श्रीबुद्धिप्रकाशम भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

**देशभर के संत-महात्माओं का दिव्य समागम**

निर्वाण महोत्सव के अवसर पर देशभर के विभिन्न तीर्थ स्थलों हरिद्वार, काशी, गुजरात, राजस्थान, मुंबई, टोंक, बीकानेर, ओंकारेश्वर, ऋषिकेश आदि से अनेक प्रतिष्ठित संत-महात्मा शक्करगढ़ पधारेंगे। प्रमुख रूप से विशोकानंद भारती, आनंद चैतन्य सरस्वती, प्रणव चैतन्यपुरी, रामदयाल महाराज, अर्जुनराम महाराज, विद्यानंद सरस्वती, आशुतोषानंद गिरि, विश्वेश्वरानंद गिरि, दिव्यानंदपुरी, विजयानंदपुरी, सच्चिदानंद गिरि, बालकानंद गिरि, हंसराम महाराज, सत्यानंद गिरि, प्रकाश दास, शेषानंद सहित अनेक संत उपस्थित रहेंगे।

## देश की आर्थिक उन्नति का ड्राइविंग इंजन है टेक्सटाइल उद्योगः पी.के. सिन्हा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर कार्यशाला आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि उदयपुर संभागीय आयुक्त पी.के. सिन्हा ने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग देश की आर्थिक उन्नति का ड्राइविंग इंजन है। इस योजना के तहत देश में साढ़े तीन करोड़ नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। भीलवाड़ा जैसे प्रमुख टेक्सटाइल केंद्र में 360 उद्योग अभी अपंजीकृत हैं, जिन्हें जल्द जोड़ा जाएगा।

मेवाड़ चैम्बर के मानद महासचिव आर.के. जैन ने मांग की कि भीलवाड़ा के ईपीएफ कार्यालय को क्षेत्रीय कार्यालय का दर्जा दिया जाए ताकि कर्मचारियों को उदयपुर न जाना पड़े। ईपीएफओ के जी.एल. नागदा ने योजना की रूपरेखा बताते हुए कहा कि प्रथम बार रोजगार पाने वाले श्रमिक को 15 रुपए तक का अनुदान मिलेगा, जबकि उद्योगों को प्रति कर्मचारी 1,000 से 3,000 रुपए प्रति माह तक की सहायता दी जाएगी। कार्यशाला में नितिन स्पिनर्स,



आरएसडब्ल्यूएम सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में आर.एन. मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और तकनीकी सहायता हेतु अलग सेल गठित करने की जानकारी दी।

## माधव गौशाला में नर्बदेश्वर महादेव मंदिर का भूमि पूजन, सनातन की स्थापना का शंखनाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।




माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से संचालित माधव गौशाला परिसर में एक भव्य नर्बदेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण की नींव सोमवार को रखी गई।

सांवरिया सेठ मंदिर के समीप बनने वाले इस मंदिर के लिए विधिवत भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी अच्युतानंद और पंचमुखी दरबार के पुजारी मुरारी पांडे ने भक्तों से राष्ट्र में धर्म और सनातन संस्कृति की स्थापना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गौशाला परिसर में भगवान शंकर के नर्वदेश्वर रूप की स्थापना होना परम सौभाग्यशाली है।

भूमि पूजन का पवित्र अनुष्ठान पंडित रमाकांत आचार्य, सुशील शुक्ला, प्रकाश व्यास और दीपक पाराशर सहित अन्य विद्वानों ने संपन्न कराया। इस कार्य में वास्तुकार अनिल नियति, जगदीश चंद्र, नवनीत सोमानी, सुभाष बहेड़िया, गोविंद कंदोई, राकेश खोईवाल, भेरूलाल काबरा, राजेंद्र बियानी, शांतिलाल पोरवाल, सुनील न्याति, भंवरलाल दरगड़, डीपी अग्रवाल, गोविंद प्रसाद सोडाणी, कैलाश लड्ढा, अजीत सिंह, शांतिलाल पोरवाल और गिरिराज काबरा ने सहयोग किया। मंदिर के निर्माण में पुठोली के ठेकेदार लक्ष्मण और कारीगर नानूराम भी पूरा सहयोग करेंगे और इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद, इसे भक्तों के दर्शनार्थ समर्पित करने से पूर्व, जोधपुर के गोवत्स राधा कृष्ण महाराज की श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# महिला सुरक्षा और अधिकारों पर कार्यशाला, दी गई निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।





कस्बे के सीडीपीओ कार्यालय में सोमवार को महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति निशुल्क कानूनी सहायता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम पायलट आदर्श जीवन लोक उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यशाला में लीगल काउंसिल अनिता साहू ने महिलाओं को कानून में हुए नए संशोधनों, उनके अधिकारों और आत्मरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में निःसंकोच कानूनी सहायता प्राप्त करें।

साहू ने महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से निपटने के उपायों पर चर्चा की और हेल्पलाइन नंबर 181 और 112 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में इन पर तुरंत सहायता ली जा सकती है। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा तंत्र के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर हेमलता मौर्य, सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव तथा 28 ग्राम साथीन महिलाएं उपस्थित रही।

# मांडलगढ़ एनएच-758 बना खतरों का हाईवे, जगह-जगह गड्ढे, बिखरी रेत और बुझी लाइटों से बिगड़ा सफर

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़





लाडपुरा से भीलवाड़ा तक फैला राष्ट्रीय राजमार्ग-758 अब नाम के लिए राष्ट्रीय रह गया है, यहाँ हालत किसी ग्रामीण कच्चे रास्ते जैसी हो चुकी है। कभी चमकती एवं मजबूत सड़क अब जगह-जगह ऊबड़-खाबड़, टूटी और धूल-भरी नजर आती है। रेत और कंकड़ों से अटी सड़क पर वाहन चलाना किसी चुनौती से कम नहीं रहा। आए दिन फिसलन और झटकों से भरे इस सफर ने अब लोगों की जान तक मुश्किल में डाल दी है।

भारी वाहनों के लगातार दबाव से सड़क की सतह जगह-जगह धंस गई है। टायरों की गहरी लकीरों में फंसकर दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खो देते हैं। ओवरटेक करने या सामने से आ रहे वाहन को क्रॉस करने के दौरान कई बार गाड़ियाँ अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राजमार्ग प्राधिकरण ने कुछ जगह मशीनों से खुदाई तो कर दी, मगर डामरीकरण अधूरा छोड़ दिया, जिससे हर गुजरने वाला वाहन खतरे की रेखा पर चलता है।

**खाचरोल टोल प्लाजा पर खतरा दुगना, लाइटें बंद और स्पीड ब्रेकर अदृश्य**

खाचरोल टोल प्लाजा के दोनों ओर बने बड़े स्पीड ब्रेकर बिना सूचक सफेद लाइनों के हैं। रात में ये ब्रेकर अचानक नजर आने पर कई वाहन चालक झटके से ब्रेक लगाते हैं, जिससे वाहन उछलकर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। टोल के दोनों ओर लगी विद्युत लाइटें महीनों से बंद हैं, और अंधेरे में वाहन चलाना किसी जोखिम से कम नहीं।

इतना ही नहीं, दिशा-सूचक बोर्ड और चेतावनी संकेत झाड़ियों और विदेशी बबूलों के पीछे पूरी तरह छिपे हुए हैं। नतीजा जहां सावधानी चाहिए, वहां खतरा पहले आता है और चेतावनी बाद में दिखाई देती है।

**टोल से करोड़ों की वसूली, पर सड़क मरम्मत पर खर्च न के बराबर**

स्थानीय लोगों का कहना है कि खाचरोल टोल नाके से हर माह करोड़ों रुपए टोल वसूला जाता है, मगर सुविधाओं और सुरक्षा के नाम पर स्थिति जस की तस है। सड़क मरम्मत, किनारों की सफाई, लाइटों की व्यवस्था और दिशा सूचक बोर्डों की देखरेख पर 25 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं की जाती।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता निभा रहे हैं, लेकिन जमीन पर हालात सुधारने की न तो इच्छा दिखती है, न कार्रवाई। स्थानीय वाहन चालक और राहगीर अब सवाल पूछ रहे हैं।

जब हर वाहन से करोड़ों का टोल वसूला जा रहा है, तो फिर हमें टूटी सड़कें और बुझी लाइटें क्यों मिल रही हैं?

# कोठरी बांध से रबी फसलों की सिंचाई सुचारू करने पर मंथन

## नहरों की सफाई व अतिक्रमण हटाने का निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

रबी सीजन में किसानों की सिंचाई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कोठारी बांध जल वितरण समिति की अहम बैठक सोमवार सुबह कोठारी बांध रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में जल आवंटन, नहरों की सफाई तथा अतिक्रमण हटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।


बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोठारी बांध मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी कमांड क्षेत्र के किसानों को रबी फसलों के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए दाई और बाई दोनों मुख्य नहरों की सफाई एक माह के भीतर पूर्ण कर टेल तक पानी का बहाव सुचारू किया जाएगा।

उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने निर्देश दिए कि नहरों पर हो रहे अतिक्रमण का सीमाज्ञान करवाकर हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

अधिशासी अभियंता छोटू लाल कोली ने बताया कि संवेदक को तत्काल निर्देश जारी कर दिए गए हैं और वे नहरों की रिपेयरिंग एवं सफाई कार्य शीघ्र आरंभ करेंगे। इस दौरान उपस्थित किसानों ने बताया कि कई स्थानों पर नहरें टूटी हुई हैं, जिससे पानी की बर्बादी होती है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मरम्मत और सफाई कार्य पूर्ण नहीं होंगे, तब तक नहरें नहीं खोली जाएंगी। बैठक में तहसीलदार, अध्यक्ष गोपाल जाट, गोपाल गुर्जर, सहायक अभियंता रामप्रसाद मीणा, कनिष्ठ सहायक धीरज कुमार, समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बावड़ी ग्राम में तालाब और नहर की मरम्मत व सौंदर्यकरण की मांग तेज





भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(गजानंद जोशी)। ग्राम पंचायत बावड़ी के ग्रामीणों ने क्षेत्र के प्रमुख तालाबों और नहर की मरम्मत एवं सौंदर्यकरण की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन जलस्रोतों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जिससे सिंचाई और जल संरक्षण दोनों पर संकट मंडरा रहा है।

ग्रामवासियों ने बताया कि संधाड़ा तालाब और नया तालाब इन दिनों पूर्ण रूप से भरे हुए हैं, लेकिन लंबे समय से रखरखाव नहीं होने के कारण उनकी पाल कमजोर पड़ चुकी है। पाल पर मिट्टी न होने से पानी का रिसाव लगातार जारी है, वहीं वर्षों से उगे बबूल के पेड़-पौधे पाल की मजबूती को नुकसान पहुँचा रहे हैं।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि तालाबों से सिंचाई के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था होती है, लेकिन स्थानीय नहर की जर्जर स्थिति के कारण किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामवासियों अजय पाल, सांवरा जाट, सुखलाल जाट, लेखराज, रामेश्वर, हंसराज, देवकरण जसवाल और मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से मांग की कि ग्राम पंचायत द्वारा शीघ्र तालाबों और नहर की मरम्मत, गहरीकरण और सौंदर्यकरण कार्य करवाए जाएं ताकि किसानों को अधिक समय तक सिंचाई जल उपलब्ध हो सके और जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो।

# गीता जयंती पर बहेगी गीता ज्ञान की धारा, बैनर-पोस्टर का विमोचन

## रामधाम में होगा आयोजन, हवन के साथ चातुर्मास का समापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से गीता जयंती को भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोमवार को आयोजन के बैनर और पोस्टर का विमोचन किया गया, जिससे कार्यक्रम के प्रचार का शुभारंभ हुआ। प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आकर्षण स्वामी अनंत देव के ओजस्वी प्रवचन होंगे, जो गीता के गूढ़ ज्ञान से जनमानस को प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन गीता पाठ भी किया जाएगा।

इस अवसर पर रामधाम में चार माह से चल रहे चातुर्मास का समापन हवन-कीर्तन के साथ हुआ। पं. सुशील शुक्ला ने विधिवत पूजा संपन्न कराई, जबकि स्वामी अच्युतानंद ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। इधर ट्रस्ट द्वारा वृंदावन में आयोजित होने वाले आनंद महोत्सव की तैयारियां भी तेज हो गई हैं, जहां स्वामी अनंत देव कथा वाचन करेंगे। दोनों आयोजन भक्ति और ज्ञान का अनुपम संगम होंगे।

## QUICK BITES

# गार्गी शर्मा ने सीए इंटर परीक्षा में किया शाहपुरा का नाम रोशन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




**पेसवानी**। शाहपुरा के लाडले कवि दिनेश बंटी शर्मा की सुपुत्री गार्गी शर्मा ने सीए इंटर परीक्षा 2025 में दोनों ग्रुप उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्हें दो विषयों में एक्जेम्प्शन भी प्राप्त हुआ है। गार्गी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञात रहे कि सीए इंटर परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। गार्गी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि शाहपुरा क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है।

कवि दिनेश बंटी शर्मा ने बताया कि गार्गी ने सतत परिश्रम, अनुशासन और धैर्य के बल पर यह सफलता अर्जित की है। परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गार्गी भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश-समाज की सेवा करने का लक्ष्य रखती हैं। गार्गी की सफलता पर शुभकामनाओं का तांता लग गया है। हर कोई उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है।

# फूलिया खुर्द विद्यालय में बाल विवाह व स्वच्छता पर नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचन्द पेसवानी)**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फूलिया खुर्द में सोमवार को संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष एवं रंगकर्मी रामप्रसाद पारीक ने बाल विवाह, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर रोचक नाट्य प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से उन्होंने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। साथ ही स्वच्छता को अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी बताते हुए 'शौच के लिए सोचो' जैसे नारे से बच्चों को जागरूक किया। 'मैं पेड़ हूँ' कविता के जरिए पारीक ने पेड़ों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रधानाचार्य बनवीर सिंह राठौड़ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओम माली 'अंगारा' ने किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक सुधार में योगदान देने का संकल्प लिया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का जलवा, सेंट्रल अकैडमी टीम द्वितीय स्थान पर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**(पंकज पोरवाल)**। भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित रीजनल स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में राजस्थान मध्य प्रांत का प्रतिनिधित्व कर रहे सेंट्रल अकैडमी स्कूल, शास्त्री नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम का नेतृत्व आदित्य व्यास ने किया, जबकि प्रतिभागी दर्शील पांडे और सिद्धी केसवानी ने अपने ज्ञान और आत्मविश्वास से भीलवाड़ा का नाम रोशन किया। वापसी पर रेलवे स्टेशन पर भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों ने टीम का स्वागत किया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, शहर समन्वयक श्याम कुमावत, परीक्षित नामधार, सुभाष मोटवानी, समित जागेटिया, पंकज अग्रवाल, प्राची व्यास, कमलेश बोड़ाना, अनुराग वोहरा और वर्षा मित्तल सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# निशुल्क नेत्र परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 5 से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 5 नवंबर को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन डीएनबी द्वारा 5 नवंबर को नेत्र रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर कि निशुल्क जांच की जाएगी, जांच के दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया जाएगा । शिविर में सभी जरूरतमंद ऑपरेशन योग्य रोगियों के 5 नवंबर को स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए जाएंगे, 6 नवंबर को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए जाएंगे एवं 7 नवंबर को नेत्र रोगियों की पुनः जांच की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।